सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**

**राजभवन देहरादून 11 दिसम्बर, 2022**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना आयुक्त श्री उदय माहुरकर द्वारा लिखी गई पुस्तक "वीर सावरकर" का विमोचन किया। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि वीर सावरकर ने देश के लिए कई यातनाऐं सही इस पुस्तक के माध्यम से उनके विचारों को जीवित किया गया है।

राज्यपाल ने कहा कि अंग्रेजों ने विखंडन की नीति से काम किया लेकिन वीर सावरकर 'अखण्ड भारत की संकल्पना को साकार करना चाहते थे। राज्यपाल ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा के एकता जरूरी है।

उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में कई तथ्य ऐसे हैं जिन्हें हमें जानने नहीं दिया गया है, लेकिन आज हम आजाद भारत में हैं इसलिए हमें  हमारे पूर्वजों के बारे में जानने की जिज्ञासा होनी चाहिए।राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक देशवासी को अपनी जड़ों को पहचानना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज देश तेजी से विकसित हो रहा है। आज़ादी के अमृत काल में जब हमारा देश 100 साल पूरे करेगा। हम विकसित राष्ट्र होने के साथ ही विश्व गुरु के रूप में दुनिया भर में सबसे शिखर पर होंगे।

इस दौरान पुस्तक के लेखक व केंद्रीय सूचना आयुक्त उदय माहुरकर ने पुस्तक का संक्षिप्त सार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में  राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कार्यक्रम समन्वयक कर्नल राजीव रावत (से.नि.) समेत अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

................0............